## कॉलोनाइजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

महू » दबंग रिपोर्टर

सुतारखेड़ी में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी के विरुद्ध प्रशासन द्वारा एफआइआर दर्ज की गई है। उक्त कॉलोनी भूमि खसरा नंबर 130/1/2/4 कुल रकबा 0.202 हैक्टर पर भू-स्वामी सरदार झाला द्वारा विकसित की जा रही थी। सरदार झाला द्वारा अब तक 13 लोगों को प्लाट विक्रय किए जा चुके हैं।

जांच के दौरान पाया गया कि सरदार झाला के पास कॉलोनाइजर लाइसेंस, टी.एन.सी.पी. का अनुमोदित कॉलोनी अभिन्यास एवं कॉलोनी विकास की अनुमति नहीं थी। बगैर नियमित आवश्यकताओं के मात्र केवल डायवर्सन के आधार पर झाला द्वारा कॉलोनी का निर्माण एवं ग्राहकों को गुमराह कर प्लॉटों का विक्रय किया जा रहा था। स्थानीय प्रशासन द्वारा कॉलोनी के निर्माण कार्य व प्लाट विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है एवं कॉलोनाइजर के विरुद्ध म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61-घ एवं दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 420 के तहत थाना बड़गोंदा में एफ.आई.आर. दर्ज की गई है।

## पुलिस ने न्यायाधीशों से लिया पिछले साल का बदला

महू » दबंग रिपोर्टर



धरनाका युवा मंच द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गुरुवार की शाम को न्यायाधीशों व पुलिस प्रशासन के बीच एक दोस्ताना मैच खेला गया। इस मैच में न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजय रही।

धरनाका युवा मंच द्वारा आयोजित टेनिस गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता में न्यायाधीश इलेवन व पुलिस प्रशासन इलेवन के बीच दोस्ताना मैच का आयोजन किया गया। न्यायाधीश टीम का नेतृत्व न्यायाधीश राघवेन्द्र चौहान ने किया जबकि पुलिस प्रशासन टीम का नेतृत्व एसपी शशिकांत कनकने ने किया। पुलिस प्रशासन ने पहले बल्लेबाजी की तथा निर्धारित 10 ओवर में 72 रन बनाए जवाब में न्यायाधीश इलेवन 58 रन ही बना सकी। पुलिस प्रशासन की टीम ने गत वर्ष न्यायाधीश इलेवन के हाथों मिली हार का बदला चुकाया। इस मैच की मुख्य बात रही कि दोनों ही टीमों के कप्तान पहली ही गेंद पर बिना कोई रन बनाए आउट हो गए। पुलिस प्रशासन एकादश की ओर से सर्वाधिक देवेश शर्मा ने 26 तथा टीआई अरुण सोलंकी ने 14 रन बनाए जबकि न्यायाधीश 11 की ओर से बलवंत सिंह ने 14 व भूपेंद्र गोयल ने 15 रन का योगदान दिया

दूसरा मैच वीकेंड वॉरियर्स व शिवशक्ति क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। शिवशक्ति क्रिकेट क्लब में 60 रन बनाए वीकेंड वारियर्स ने 61 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरा मैच आशापुरा क्रिकेट क्लब व एसीसी 11 के बीच खेला गया एसीसी क्रिकेट क्लब ने 108 रन बनाए जवाब में आशापुरा टीम 62 रन पर आउट हो गई।

छात्र-छात्राओं से संवाद कर निकाली जानकारी

## सुर्खियों में रहने वाले सरकारी कॉलेज पहुंचा जांच दल





देपालपुर» दबंग रिपोर्टर

शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय जो लगातार मीडिया की सुर्खियां बना हुआ था में, शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित तीन अधिकारियों का जांच दल पहुंचा। जांच दल ने महाविद्यालय के छात्रों से वन टू वन चर्चा की। साथ ही महाविद्यालय की रूटीन व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

मीडिया के सवाल पर अधिकारी बोले कि मामला अभी बताने का नहीं है। हमने बच्चो की पूरी बात को गम्भीरता से सुना है। जो भी उचित कार्यवाही होगी वह करेंगे। कालेज में बाहरी तत्वों के प्रवेश पर भी अंकुश लगाया जाएगा। कई प्रोफेसरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं की थी। उन्हें दल ने रजिस्टर में साइन नहीं करने दी। प्राचार्य कक्ष में अन्य प्रोफेसर की टेबल लगी होने से छात्राएं व शिक्षिकाएं अपनी बात कह नहीं पाती थीं, उस पर दल ने प्राचार्य कक्ष से प्रोफेसर की टेबल भी हटाने को कहा।

नगर के एकमात्र शासकीय भागीरथ सिलावट महाविद्यालय में कई ग्रामों से छात्र-छात्राएं अध्ययन करने पहुंचते हैं। कालेज को लेकर लगातार मीडिया में खबरें प्रकाशित होती रही व उच्च अधिकारियों तक बात पहुंची तो उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश पर तीन अधिकारियों के दल ने कॉलेज पहुंचकर कालेज में बेसिक चीजों का अवलोकन किया। कालेज के छात्र -छात्राओं ने अधिकारियों को कालेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं से अवगत कराया।

कालेज में इन दिनों आलम यह है कि 12 सौ से ज्यादा छात्र -छात्राओं के एडमिशन वाले इस महाविद्यालय में प्रतिदिन 50 -60 विद्यार्थी ही पहुंचते हैं जबकि महाविद्यालय में 75 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्शाई जा रही है। पत्रकारों के सवाल पर जांच दल में शामिल श्री द्वेदी ने बताया कि 1200 की उपस्थिति वाले इस कॉलेज में उपस्थिति कम क्यों है? क्यों बच्चे कालेज नहीं आ रहे हैं, मैं उसकी जानकारी ले रही हूं। कालेज परिसर में बाहरी तत्व के अंदर आने व शराबखोरी को रोकने के लिए कालेज में बाउंड्रीवाल बनाने की बात उन्होंने कही। साथ ही बताया कि पूरी रिपोर्ट बनाकर सम्बंधित अधिकारी को भेज दूंगी। कालेज में वर्तमान में 1200 के लगभग विद्यार्थी हैं, लेकिन परीक्षा को छोड़ दें तो कभी 100-150 से अधिक छात्र- छात्राओं की उपस्थिति भी नहीं रहती है। ऐसे में उपस्थिति रजिस्टर में बिना कालेज पहुंचे 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति कैसे दर्ज हो रही है। यह सोचने का विषय है। कालेज में रोजाना पूरे समय क्लास भी नही लगतीं। कालेज प्रशासन अधिक बच्चों की उपस्थिति दिखाकर सिर्फ वाहवाही लूट रहा है।

### सार.समाचार

## पेंटिंग बना दिया स्वच्छता का संदेश

**ग्वालियर।** सभी मोहल्लों में कुछ बैक लाइनें ऐसी रहती थीं, जिनमें गंदगी पसरी रहती थी और वहां बदबू आती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के सभी वार्डों में अभियान चलाकर बैक लाइनों को साफ स्वच्छ व सुंदर चित्रकारी कर आकर्षक, सुंदर व रंगबिरंगा बनाया जा रहा है।

सहायक यंत्री स्वच्छ भारत मिशन अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर ग्वालियर शहर की सभी बैक लाइनों को साफ व सुंदर बनाकर आकर्षक किया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड 58 के निर्धन नगर की विभिन्न गलियों में बैक लाइन को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की थीम पर विभिन्न रंगों से सुंदर चित्रकारी कर सजाया जा रहा है, जिससे यह बैक लाइन अब साफ होने के साथ ही सुंदर भी दिख रही हैं, जो अब क्षेत्र के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। इसके साथ ही चित्रकारी से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा है। जहां-जहां सुंदर चित्र बनाए जा रहे हैं, वहां लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं और स्वयं भी वहां गंदगी ना फैलाएं कर दूसरों को भी गंदगी फैलाने से रोक रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती... मिलने बुलाकर लूटा, अब ब्लैकमेलिंग

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

सोशल मीडिया पर अनजान युवती की फ्रेण्ड रिक्वेस्ट स्वीकार करना एक युवक को भारी पड़ गया। पहले फेसबुक दोस्त ने मोबाइल रिचार्ज कराया और फिर अश्लील चेटिंग के साथ ही बातचीत करना शुरू कर दी। युवक जब झांसे में आ गया तो उसे मिलने के लिए बुलाया।

जब युवक कथित दोस्त से मिलने पहुंचा तो वहां पर युवती तो नहीं मिली, लेकिन एक युवक व किशोर मिला। जिन्होंने धमकाकर युवक से मोबाइल व तीन हजार रुपए लूट लिए और धमकी दी कि अगर उसे बदनामी नहीं करानी है तो बीस हजार रुपए दो। धोखे और लूट का शिकार पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ लिया है। ग्वालियर थाना क्षेत्र के चंदन नगर निवासी 31 वर्षीय युवक प्राइवेट जॉब करता है। कुछ दिन पहले उसके फेसबुक पर सीमा सिंह नामक युवती की फ्रेण्ड रिक्वेस्ट आई थी। रिक्सेप्ट एक्सपेट करने के बाद युवती उससे चेटिंग करने लगी और कुछ ही दिन में उनके बीच पर्सनल बातचीत होने लगी।

### पिता को कैंसर, पति करता है परेशान

बातचीत के बाद युवती ने बताया कि उसके पिता को ब्लड कैंसर है और पति आगरा में रहता और उसे परेशान करता था तो वह मायके में रह रही है। इसके बाद युवती के कहने पर दो बार युवक ने उसका मोबाइल रिचार्ज कराया और उनके बीच चेटिंग और बातचीत होने लगी।

### मिलने बुलाया और लूट लिया

पांच दिन पहले युवती का कॉल आया और उसे तिघरा रोड स्थित गुप्तेश्वर मंदिर के पास मिलने के लिए बुलाया। इस पर युवक बताए स्थान पर पहुंचा तो यहां पर युवती तो नहीं बल्कि दो युवक थे। जब उसने कॉल किया तो युवकों ने फोन रिसीव कर उसे पास बुलाया और बताया कि वहीं सीमा हैं और उससे ही वह चेटिंग करता था, उसकी चेटिंग व फोटो उसके पास है। जिसे वायरल कर वह उसे बदनाम कर देंगे। इसके बाद दोनों आरेपियों ने उसकी जेब में रखे तीन हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसे धमकी दी कि अगर जल्द ही उन्हें बीस हजार रुपए नहीं दिए तो वह उसे बदनाम कर देंगे।

### पुलिस से शिकायत, आरोपी धरे

वारदात का शिकार पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों को दबोच लिया, जिनकी पहचान आकाश कुशवाह व दूसरा नाबालिग था। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

### इनका कहना है

युवती बनकर युवक को ब्लैकमेल करने वाले दोनों आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद कुछ अन्य घटनाओं का खुलासा हो सकता है।

**-आलोक परिहार,**
थाना प्रभारी जनकगंज

## दुष्कर्म का आरोपी धरा

**ग्वालियर।** दोस्त को मिलने बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी रवि माहौर को पड़ाव थाना पुलिस ने झांसी से दबोचा है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ करना शुरू कर दिया है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी ग्वालियर से भागकर झांसी जा पहुंचा था।

### यह है मामला

गेंडे वाली सड़क निवासी 25 वर्षीय छात्रा की छह साल पहले रवि माहौर से मामा की बेटी की शादी में मुलाकात और दोस्ती हुई थी और उसके बाद उनके बीच मोबाइल पर बात होने लगी और रवि उससे शादी के लिए कहा तो उसने भी हामी भरी, लेकिन इसी बीच रवि ने किसी और से शादी कर ली। इसके बाद छात्रा ने उससे बात करना बंद कर दिया और बीते जुलाई माह में रवि का कॉल उसके मोबाइल पर आया और उससे बातचीत की कहा। इसी दिन रात नौ बजे वह किसी काम से नई सड़क आई थी तो यहां पर रवि आ गया और उसे धमका कर अपने साथ गेस्ट हाउस ले गया और उसके साथ गलत काम किया। साथ ही उसके फोटो और वीडियो भी बना लिए थे। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर वह उसका शोषण करने लगा। शोषण से परेशान छात्रा ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# आए थे चोरी करने, पुलिस के हत्थे चढ़े

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

चार पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो चोरों को हजीरा थाना पुलिस ने दबोचा है। हालांकि चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस को जमकर पसीना बहाना पड़ा, तब चोर हाथ लगे। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अभी दो चोरी की वारदातें करना कबूल की हैं। पुलिस पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर अन्य वारदातों की जानकारी जुटाने में लग गई है।

हजीरा थाना प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि गश्त में निकले आरक्षक अरूण लोधी को दो संदेही युवक दिखाई दिए, जो उसे देखते ही भागने लगे। शंका होने पर उसने थाने पर सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई सुरेन्द्र राजौरिया, रामेन्द्र सिंह सेंगर, आरक्षक सुनील लोधी, अनिल लोधी, सुरेन्द्र सिंह और अशोक सिंह भी मौके पर पहुंचे और चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम को देखते ही चोरों ने दौड़ लगाई और पुलिस ने भी उन्हें पकड़ने के लिए दौड़ लगाई और करीब दस मिनट के प्रयास के बाद चोरों को धर लिया।

### सीसीटीवी से लगा सुराग

चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दो संदेही युवक के फुटेज दिखे, जिनकी जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह ग्वालियर थाना क्षेत्र के किलागेट निवासी निम्बा उर्फ निगम प्रजापति और गोसपुरा नंबर दो निवासी सूरज कुशवाह हैं। पुलिस ने उन्हें पकड़ा और पूछताछ की तो उन्होंने वारदात करना स्वीकार करते हुए चोरी किए गए जेवर व 9 हजार रुपए बरामद कराए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता लगाने में जुट गई है। चोरों को पकड़ने व कार्रवाई करने में प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, अरूण मिश्रा, आरक्षक संजीव यादव, राहुल, रविन्द्र कंषाना और सैनिक ब्रह्मा राणा की भूमिका रही।

### चोर धरे, नकदी-गहनें मिले

पड़ाव थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले न्यू साकेत नगर में कुलदीप बाथम के घर हुई चोरी की वारदात का खुलासा पुलिस ने कर लिया है और वारदात को अंजाम देने वाले दो चोरों को दबोचा है। पकड़े गए चोरों से पूछताछ के बाद नकदी व जेवर बरामद किए हैं।

### आयशर और ऑटो चोरी का हुआ खुलासा

पुलिस ने पूछताछ की तो पकड़े गए चोरों ने बताया कि वह मूलरूप से भिण्ड के रहने वाले हैं और उनके नाम मोंटी उर्फ अक्षय प्रताप चौहान और सोमेश शर्मा हैं और कुछ दिन पहले ही बिरला नगर इलाके से उन्होंने एक आयशर और लोडिंग चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और उन्हें कटवा दिया। पुलिस अब पकड़े गए चोरों से पूछताछ में लग गए है और पुलिस अफसरों का मानना है कि अभी और भी वारदातों का खुलासा हो सकता है।

# आंगनवाड़ियों में लापरवाही

## प्रशासन तक पहुंची शिकायतें

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर

नगर पालिका पीथमपुर में 31 वार्डों में से कई आंगनवाड़ियों में आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता और सहायिका समय पर आंगनवाड़ी तक नहीं खोलती है और कई आंगनवाड़ी केवल सहायिकाओं के भरोसे ही चलाई जाती हैं। आंगनवाड़ी सहायिका जिनका कार्य बच्चों को लेकर आना और उन्हें संभालने की बजाए अनेक आंगनवाड़ियों में कार्यकर्ता के स्थान पर वे ही पूरा कार्य कर समय होने पर बंद कर चली जाती हैं। आगनवाड़ी निर्धारित समय 9 से 4 बजे तक खुलती तक नहीं हैं। हाल ही में कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पतियों ने नगरीय निकाय की चुनावी गतिविधि में भाग लिया। कई महिला कार्यकर्ताओं ने तो खुलकर राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचने का प्रयास भी किया, जिसे लेकर कुछ प्रत्याशी ने शिकायत भी की है। शासन द्वारा दिए गए आहार एवं अन्य सामग्रियां के वितरण में भी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। कई जगहों पर कुपोषित बच्चों के बारे में भी लेखा-जोखा नहीं है। बच्चों की खिचड़ी एवं पोषण आहार भी बिक रहा है। लगातार मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनमानी करने में लगी हैं।

सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस तरह कई अनियमितताओं को लेकर एसडीएम रोशनी पाटीदार सख्त कदम उठाने की तैयारी कर रही हैं। एसडीएम ने बताया अनियमितताओं की शिकायत लगातार मिल रही है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाल विकास अधिकारी नालछा कविता सिसौदिया ने बताया पीथमपुर में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो उन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज लगेगा रोजगार मेला

**ग्वालियर।** जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती के लिए रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। इस कड़ी में एसईएस (सिक्योरिटी एण्ड इंटेलीजेंस सर्विसेज) ने शुक्रवार को घाटीगाँव में लगे मेले में 80 युवाओं ने भाग लिया, जिसमें से 31 युवाओं को नौकरी के लिए चयन किया है, जिन्हें सिंगरौली ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसईएस के भर्ती अधिकारी अमित पाठक ने बताया कि 4 फरवरी को मुरार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं के लिएजनपद पंचायत मुरार में रोजगार मेला लगाया जाएगा। न्यूनतम 10वीं पास अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं।

K+S NOTICE

In order to make the indian farmers internationally competitive K + S Fertilizers (India) Pvt. Ltd. brings to you the following 100% water soluble Mixture Fertilizers as per order dated (FCO Notification No. S. O. 2900 E) issued by ministry of agriculture & farmers welfare, Govt. of India, New Delhi

NPK9-40-10+3.5% MgO+0.1% B
NPK13-8-28+3.5% MgO+0.1% B
NPK25-10-6+3.5% MgO+0.1% B
NPK14-10-17+3.5%MgO

**Salient Features :** 1) 100% Water Soluble Mixture Fertilizers
2) Improves quality and yield of the produce
3) Suitable to use through drip irrigation and foliar application.
**Packing : Available in 1 Kg, 10 Kg & 25 Kg. Supply and sales of above Solu Family WSF grades**

**Imported Packed & Marketed by :**
**Corporate Office : K+S Fertilizers (India) Pvt. Ltd.**
Office No. 411, 4th Floor, Good Earth Business Bay.
Sector 58, Gurgaon, Haryana - 122098

Yellow Diamond

PRATAAP SNACKS LIMITED

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore - 452020, Madhya Pradesh, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605; CIN: L15311MP2009PLC021746; Website : www.yellowdiamond.in; E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE-MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2022

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE-MONTHS ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2022 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 31.12.2021 Unaudited | 31.12.2022 Unaudited | 31.12.2021 Unaudited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 42,645.39 | 45,728.43 | 38,495.43 | 1,26,630.94 | 1,03,515.56 | 1,39,661.93 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/or extraordinary items) | 845.83 | 516.16 | 554.37 | (211.58) | 2,073.55 | 1,154.82 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 845.83 | 516.16 | (847.08) | (211.58) | 672.10 | (238.94) |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 582.33 | 424.17 | (724.14) | (132.23) | 585.64 | 290.90 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 580.33 | 449.52 | (720.67) | (92.71) | 592.00 | 314.01 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | | 61,252.82 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | | |
| Basic - INR | 2.48 | 1.81 | (3.09) | (0.56) | 2.50 | 1.24 |
| Diluted - INR | 2.48 | 1.81 | (3.09) | (0.56) | 2.50 | 1.24 |

Notes:

1 The above consolidated Ind AS financial results of the Group have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 3 February 2023.

2 The Group has determined 'Snacks Food' as a reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and assessing the perfomance. There are no other reportable segment as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.

3 The Group vide letter dated 3 December 2021 received approval under the Production Linked Incentive Scheme ('PLI') introduced by Ministry of food processing industries (MOFPI). The approval has been granted under ready to cook/ ready to eat (RTC/ RTE) segment of the aforesaid scheme. The Incentive under the scheme is subject to meeting certain conditions related to defined incremental sales thresholds and committed investment for eligible products. The Group believes that it will be able to comply with all the required conditions attached to the scheme and shall be eligible for the incentive under this scheme for the financial year ending 31 March 2023. Accordingly, the Group has recognised PLI Incentive of INR 338.50 lakhs under other operating income during the quarter ended 31 Dec 2022 and INR 1128.89 lakhs for the period ended 31 Dec 2022.

4 There was a fire accident in one of the Holding Company's plants situated at Howrah, West Bengal, on 3 November 2021. The fire severely impacted the building, plant & machinery, leasehold improvements, and inventories lying at the plant; however, there were no human casualties. The total impact of this event was INR 1,393.76 lakhs. Considering the nature of the event and magnitude of impact, this amount was disclosed as an exceptional item in the statement of profit and loss for the year ended 31 March 2022. Pending completion of survey and acceptance of claim by the insurance company, the insurance claim receivable has not been recorded in the statement of profit and loss.

5 The Code on Social Security 2020 has been notified in the Official Gazette on 29 September 2020. The effective date from which the changes are applicable is yet to be notified and the rules are yet to be framed. Impact if any of the change will be assessed and accounted in the period in which the said Code becomes effective and the rules framed thereunder are notified.

6 Unaudited Standalone Ind AS Financial Results for the Quarter Ended 31 December 2022 are available on the Holding Company's website i.e. www.yellowdiamond.in under Investor Information section and on the stock exchange websites i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com. The key standalone Ind AS financial information are as under:

(INR in lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE-MONTHS ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2022 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 31.12.2021 Unaudited | 31.12.2022 Unaudited | 31.12.2021 Unaudited | 31.03.2022 Audited |
| Total revenue from operations | 37,778.88 | 40,521.50 | 34,162.86 | 1,11,316.56 | 90,842.59 | 1,22,336.80 |
| Profit before tax | 528.40 | 351.68 | (686.98) | (292.01) | 1,167.46 | 609.42 |
| Profit after tax | 342.24 | 300.78 | (603.11) | (195.60) | 954.71 | 925.17 |

For **Prataap Snacks Limited**

Place: Indore
Date: 03rd February, 2023

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

ANIL PUB.